# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 नवंबर 2024, रविवार

## भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के 'संकल्प पत्र विमोचन' कार्यक्रम में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**भाजपा का संकल्प पत्र जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब और सांस्कृतिक विरासतों को सहेजते हुए एक मजबूत, समृद्ध व सुरक्षित महाराष्ट्र बनाने का संकल्प है**

*******************

**MVA की सारी योजनाएँ तुष्टीकरण करने वाली और महाराष्ट्र की संस्कृति से छल कर किसी भी तरह से सत्ता प्राप्त करने की लालसा रखने वाली हैं**

*******************

**महायुति मोदी जी के नेतृत्व में सिद्धांतों के आधार पर महाराष्ट्र का कल्याण करने के लिए आगे बढ़ रही है और वहीं अघाड़ी गठबंधन आंतरिक विरोधाभासों से घिरा हुआ है**

*******************

**भाजपा का संकल्प पत्र पत्थर पर खिंची लकीर की तरह है, भाजपा जो वादे करती है, वो पूरे होते हैं**

*******************

**MVA के वादों की विश्वसनीयता पाताल से भी नीचे गिर चुकी है और महायुति के वादों पर पूरे देश की जनता को भरोसा है**

*******************

**महाराष्ट्र में कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले ही SC, ST और OBC का आरक्षण मुसलमानों को देने का अपना मंसूबा सभी के सामने रख दिया है**

*******************

**MVA सरकार के समय महाराष्ट्र FDI इन्वेस्टमेंट में चौथे नंबर पर खिसक गया, वहीं दो वर्षों से महायुति सरकार में देश में सबसे ज्यादा FDI महाराष्ट्र में आया है**

*******************

**महाराष्ट्र में जब-जब महायुति सरकार में आती है प्रदेश तेजी से आगे बढ़ता है और जब अघाड़ी गठबंधन सत्ता में आता है, तब-तब महाराष्ट्र में सिर्फ राजनीति होती है**

*******************

**आजादी के बाद कभी संविधान का ऐसा अपमान नहीं हुआ, जैसा राहुल गाँधी और कांग्रेस ने संविधान की प्रति के नाम पर कोरे पन्नों की किताबें बांटकर किया**

**आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में चुनाव के बाद मुख्यमंत्री की शपथ अम्बेडकर जी द्वारा बनाये संविधान से हुई, यह बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है**

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और  केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को मुंबई में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भजपा के "संकल्प पत्र" का विमोचन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि **महाराष्ट्र में जब भी भाजपा के नेतृत्व वाली महायुती की सरकार बनती है, तो महाराष्ट्र आगे बढ़ता है और जब कांग्रेस नेतृत्व वाली अघाड़ी (एमवीए) की सरकार आती है, तो केवल तुष्टिकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार बढ़ता है।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर महाराष्ट्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री चंद्रकांत

बावनकुले, राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री विनय सहस्रबुद्धे, भाजपा के अध्यक्ष श्री आशीष शेलार सहित अन्य प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **भाजपा का संकल्प पत्र पूरे महाराष्ट्र की जनता के आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।** महाराष्ट्र सालों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है, **एक समय जरूरत पड़ने पर भक्ति आंदोलन की भी शुरुआत महाराष्ट्र से हुआ, मुगलों के खिलाफ आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने इसी महाराष्ट्र की भूमि से किया।** जरूरत पड़ने पर सामाजिक क्रांति की शुरुआत भी इसी महाराष्ट्र की भूमि से की गई है। महाराष्ट्र में **भाजपा की महायुती सरकार ने किसानों की सम्मान, गरीबों का कल्याण, महिलाओं का स्वाभिमान बढ़ाने की योजनाओं के साथ विरासतों का पुनरुत्थान करने का संकल्प लिया है।** हाल ही में सम्पन्न **जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में आजादी के बाद पहली बार मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान के अनुरूप शपथ ली है। यह बाबा साहेब अंबेडकर के प्रति सच्ची और सर्वोत्तम श्रद्धांजलि मानी जा सकती है।** धारा 370 के हटाए जाने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान की शपथ लेकर सरकार बनी है और इस पर पूरे देश को नाज़ है। **भाजपा ने अपने "संकल्प पत्र" के माध्यम से महापुरुषों की परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासतों को संजोने और आगे बढ़ाने के संकल्प भी लिया है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस की पूर्व की महा अघाड़ी सरकारों द्वारा महाराष्ट्र में विकास के नाम पर अराजकता और भ्रष्टाचार राज दी गयी है।** वहीं भाजपा की महायुती सरकार एक समृद्ध एवं सुरक्षित महाराष्ट्र बनाया है और भाजपा के संकल्प पत्र में विकसित महाराष्ट्र बनाने की योजना है। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों में **महायुती का मुकाबला सत्ता के लालच में तुष्टीकरण, विचारधाराओं का अपमान एवं महाराष्ट्र की संस्कृति से छल करके केवल सत्ता प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने वाली कांग्रेस की महा अघाड़ी गठबंधन है।** पिछले दोनों विधानसभा चुनावों में महायुती को महाराष्ट्र की जनता ने आशीर्वाद दिया है और तीसरी बार भी आपको ये आशीर्वाद महायुती को देना है। वर्ष 2014 में महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा और महायुती को मैन्डेट दिया, **2019 में महाराष्ट्र की जनता का आशीर्वाद भाजपा और महायुती के लिए ही था लेकिन सत्ता के लालच में जनादेश को नकारा गया और आंकड़ों का बनावटी बंटवारा किया गया, लेकिन बनावटी चीजें ज्यादा देर तक चलती नहीं है जिस कारण बनावटी सरकार गिरी** और पुनः असली महायुती की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि **महायुती एकमुश्त और एकजुट होकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सिद्धांतों के आधार पर महाराष्ट्र के कल्याण के लिए आगे बढ़ा रही है** और दूसरी तरफ जो **महाविकास अघाड़ी वाले सरकार बनाने का दावा कर रहे है औइर उनके खुद के पार्टी के अंदर आंतरिक विरोधाभास का चुनावी अभियान जारी है।**

श्री शाह ने उद्धव ठाकरे और कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि **क्या वे राहुल गांधी से वीर सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बोलने की विनती भी कर सकते हैं? क्या कांग्रेस पार्टी का कोई भी नेता सम्मानीय बालसाहेब ठाकरे जी के लिए 2 वाक्य सम्मान के साथ बोल सकता है?** इस आंतरिक अंतर्विरोध के बावजूद जो महा आघाडी वाले सरकार बनाने का स्वप्न देख रहे है इनकी राजनैतिक लालसा से महाराष्ट्र की जनता को अवगत हो जाना चाहिए। **भाजपा जब संकल्प करती है तो वे पत्थर पर लिखी लकीर की तरह होती है, पूरे देश ने देखा है चाहे केंद्र में हो या राज्य में भाजपा ने अपने लिए हुए संकल्पों को हमेशा पूर्ण किया है।** कोई मानने को तैयार नहीं था की कश्मीर से धारा 370 हटेगी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया। कोई नहीं मानता था कि सीएए आएगा, यूसीसी लागू होगा, ट्रिपल तलाक का खात्मा होगा लेकिन हमने इन मुद्दों पर फैसला लिया। **देश में कई लोग थे जो राम मंदिर के निर्माण को लेकर भी अनिश्चित थे, लेकिन 500 वर्षों के बाद आज अपनी जन्मभूमि पर ही भगवान श्री राम विराजमान है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्ष के भीतर ही भारत के अर्थतंत्र को 11वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है, भाजपा सरकार 2027 तक भारत को विश्व का तीसरा बड़ा अर्थतंत्र बनाने के लिए कार्य कर रही है।** देश में करीब 60 करोड़ गरीबों को घर, गैस सिलेंडर, शौचालय,

बिजली, पीने का पानी, मुफ्त अनाज और मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। दूसरी ओर महाविकास अघाड़ी है, जिसमें **कांग्रेस के अध्यक्ष को यह कहना पड़ता है कि वादे सोच-समझकर किया करो, पूरे नहीं होते तो मुझे जवाब देना पड़ता है।** कांग्रेस हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने किए हुए सभी वादों से मुकर गई। **महाविकास अघाड़ी के वादों की विश्वसनीयता पाताल से भी नीचे चली गई है, लेकिन महायुति के वादों पर महाराष्ट्र सहित पूरे देश को भरोसा है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में जिस "संविधान की प्रति" लेकर संविधान की शपथ ली, जिस संविधान के प्रति को लहराकर वे बाबा साहेब अंबेडकर के संकल्पों को याद किया, जब प्रेस के व्यक्ति ने उस "संविधान की प्रति" को खोलकर देखा, तो वह पूरा कोरा (खाली पेज) निकला।** 76 वर्ष के आजाद भारत में संविधान का इससे बड़ा अपमान कभी नहीं हुआ। **कांग्रेस ने संविधान, संविधान सभा और बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। उलेमाओं की संस्था ने मुसलमानों को 10% आरक्षण देने की मांग की और महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने इसे स्वीकार कर लिया।** महाराष्ट्र सहित देश की जनता एससी, एसटी, ओबीसी, दलित, पिछड़ा और आदिवासी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने के पक्ष में नहीं है। **महाराष्ट्र की जनता कांग्रेस को अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हों देगी।** कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले ही यह वादा कर दिया है, जबकि **भारतीय संविधान के तहत किसी भी प्रकार का आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता, महाराष्ट्र की जनता को यह सब ध्यान में रखना होगा।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उद्धव ठाकरे आज धारा 370 के निरस्तीकरण तथा राम मंदिर निर्माण का विरोध करने, वीर सावरकर जी के लिए अपशब्द कहने, संभाजी नगर नाम का विरोध करने, सीएए और यूसीसी का विरोध करने और वक्फ बोर्ड में होने वाले सुधारों के प्रस्तावित बिल का विरोध करने वालों के साथ बैठे हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, संसद में वक्फ बोर्ड में सुधार का बिल लेकर आए। कांग्रेस राज के दौरान 2013 में वक्फ बोर्ड कानून में किए गए संशोधन का ही परिणाम है कि कर्नाटक में एक पूरा गांव वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दिए गए।** किसानों की जमीन और मंदिर तक वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिए गए। **जब मोदी सरकार इस कानून में में बदलाव कर चाहती है, तो महाविकास अघाड़ी उसका विरोध कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव का विरोध करने का मतलब है कि आने वाले समय में महाराष्ट्र में भी किसी की भी संपत्ति को वक्फ बोर्ड अपना घोषित कर सकता है।**

श्री शाह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। एनसीपी (शरद गुट) के प्रमुख **शरद पवार 2004-14 तक यूपीए सरकार में मंत्री रहे, उन्होंने महाराष्ट्र की जनता के लिए क्या कार्य किए, उन्हें इसका हिसाब देना चाहिए?** यूपीए सरकार ने 10 साल में महाराष्ट्र को 1 लाख 91 हजार 384 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन मोदी सरकार ने बीते 10 वर्षों में महाराष्ट्र को 10 लाख 15 हजार 890 करोड़ रुपए प्रदान किए। **10 साल केंद्र और राज्य में यूपीए की सरकार होने के बावजूद महराष्ट्र को लगभग 2 लाख करोड़ रुपए दिए गए, जबकि केंद्र और राज्य में एनडीए की सरकार होते हुए, महाराष्ट्र को 10 लाख करोड़ से भी ज्यादा रुपए प्रदान किए गए। यह महायुति और महाविकास अघाड़ी में अंतर को स्पष्ट करता है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र के सिंचाई नेटवर्क को निलवड़े बांध, घोसीखुद, टेम्पू और जलयुक्त शिवहर जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य की भूमि में सिंचाई क्षेत्र 30% तक बढ़ गया है।** नदियों को जोड़ने के लिए नारपार्क, दबन गंगा, गोदावरी और वैटराणा का विकास करने का कार्य किया गया। **महाराष्ट्र में 11 वंदे भारत ट्रेन लोगों को सेवा प्रदान कर रही है और 128 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है।** मुंबई, पुणे और नागपुर में मेट्रो का विस्तार किया गया। शिरडी और सिंहदुर्ग में नए हवाई अड्डे और टर्मिनल बनाए गए। 1**3 हजार करोड़ की लागत से बांद्रा-वर्ली से सी-लिंक जोड़ने वाले मुंबई कॉस्टल रोड का निर्माण किया गया।** वाशीपुर का विस्तारीकरण किया गया और मेट्रो निर्माण फेज 1 का निर्माण समाप्त हुआ। अटल सेतु ट्रांस हार्बर लिंक का निर्माण किया गया और **76 हजार**

**करोड़ रुपए की लागत से वाधवान बंगरगाह के निर्माण का सैद्धांतिक निर्णय लिया गया। यह एशिया का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा क्षमता वाला बंदरगाह होगा।**

श्री शाह ने कहा कि **बहन गंगा-नल गंगा इंटरलिंक परियोजना और कोसी-खुर्द परियोजना के माध्यम से नागपुर, वर्धा, अमरावती, यवतमाल, अकोला और बुलढाणा जिलों के 3 लाख 71 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का काम करेगी।** 85 हजार करोड़ की यह परियोजना से विदर्भ की प्यासी धरती को बहुत बड़ा फायदा होने वाला है, जिसे 10 वर्षों के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। **2200 करोड़ की लागत से खड़कवासला बांध से धुड़सूंघी तक 34 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने का निर्णय किया गया है।** 2024 में सोलाहपुर हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ और कोलाहपुर में नए टर्मिनल बनाए गए। पालघर जिले में बहुउद्देशिय बंदरगाह बनाने का निर्णय किया गया है। **13 हजार करोड़ के निवेश के साथ 2800 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले 2 हाइड्रो पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट शुरू किए गए और 2 जिलों में 1 हजार मेगावाट की परियोजनाओं को शुरू किया गया।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **महाविकास अघाड़ी झूठा प्रचार कर रही है कि महाराष्ट्र में निवेश नहीं आ रहा है। जब कुछ समय के लिए राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार चली, तो राज्य निवेश में पिछड़ गया था और एफ़डीआई में चौथे स्थान तक फिसल गया था। महायुती की सरकार बनने के बाद महाराष्ट्र दोनों वर्षों में सबसे ज्यादा एफ़डीआई प्राप्त करने वाला प्रथम राज्य बना।** शरद पवार द्वारा बनाए गए मुद्दों का सच्चाई से दुर-दूर तक कोई नाता नहीं है। **महाविकास अघाड़ी की झूठा नैरेटिव खड़ाकर नकली जनादेश लेने की आदत, इस बार सफल नहीं होने वाली है।** महाराष्ट्र की जनता महायुति के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देने वाली है।

**संकल्प पत्र के मुख्य बिंदु:**

- लाडली बहन योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि की जाएगी।
- किसानों के ऋण माफी सहित उन्हें मिलने वाले किसान सम्मान निधि को 12 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 15 हज़ार रुपए सालाना किया जाएगा।
- मूल्य स्थिरीकरण कोष के माध्यम से महंगाई को काबू किया जाएगा।
- 10 लाख प्रतिभावान छात्रों को मासिक 10 हज़ार रुपए का मानदेय दिया जाएगा।
- 45 हज़ार गाँव में सड़क बनाई जाएगी।
- आशा वर्करों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बीमा किया जाएगा और सभी का मासिक वेतन भी 15 हजार रुपए तक बढ़ाया जाएगा।
- वर्ष 2028 तक महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य महायुति सरकार करेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य वाले भारत के अर्थतंत्र में 1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान आने वाले समय में महाराष्ट्र करेगा।
- मेक इन महाराष्ट्र नीति के तहत प्रमुख उत्पादन वाले राज्य के तौर पर महाराष्ट्र को विकसित करेंगे।
- महाराष्ट्र में देश का पहला AI विश्वविध्यालय स्थापित किया जाएगा।
- नागपूर, पुणे, संभाजीनगर, अहिल्यानगर एवं नासिक में वैमानिकी और अंतरिक्ष केंद्र बनाए जाएंगे।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए एसजीसटी के ऊपर छूट सहित सब्सिडी के रूप में पुनः किसानों को भुगतान की गई एसजीसटी लौटाई लाएगी।
- सोयाबीन पर प्रति क्विंटल 6000 रुपए की एमएसपी प्रदान की जाएगी और सोयाबीन प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी।
- आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करने वाली लखपति दीदी योजना को आगे बढ़ाते हुए महायुति सरकार महराष्ट्र में 50 लाख लखपति दीदी बनाएगी, जिसके लिए 500 स्वयं सहायता समूह को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- कई औद्योगिक तंत्र बनाए जाएंगे, जिसके लिए 1 हज़ार करोड़ रुपए का फंड हर वर्ष दिया जाएगा।
- अक्षय अन्न योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाले मुफ़्त राशन में चावल, ज्वार, मूंगफली, तेल, नमक, हल्दी, सरसों, जीरा और मसालों को सम्मिलित किया जाएगा।

- कौशल जनगणना का सबसे पहला प्रयोग महाराष्ट्र में किया जाएगा और प्रतिभा के अनुसार उचित अवसर प्रदान किए जाएंगे।
- छत्रपति शिवाजी महाराज आकांक्षा केंद्र बनाएंगे, जिससे 10 लाख नए उद्यमियों का निर्माण होगा।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों से आने वाले लोगों को उद्यमी व्यवसाय लगाने के लिए 15 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।
- ओबीसी, एसईबीसी, ईडब्ल्यूएस, एनटी और वीजेएनटी के पात्र विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क और परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।
- महाराष्ट्र में मौजूद राज्य के गौरव के प्रतीक किलो को संरक्षण के लिए किला विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा।
- वृद्धजनों के लिए प्राथमिकता नीति अपनाई जाएगी, जिसके लिए आधार सक्षम सेवा नीति वितरण को लागू किया जाएगा।
- जबरन और धोखाधड़ी कर धर्मांतरण के खिलाफ एक मजबूत कानून बनाया जाएगा।
- कृषि एवं मानव बस्ती क्षेत्रों में वन्यजीवों के कारण होने वाली जान-माल की हानि को रोकने तथा मानव-पशु संघर्ष को कम करने के लिए AI, ड्रोन और रेडियो कॉलर जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि **भाजपा का संकल्प पत्र महाराष्ट्र के हर वर्ग, क्षेत्र, आयु और सामाजिक वर्ग के सुझावों को लेकर बनाया गया है।** यह संकल्प पत्र महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिघोष है। महाराष्ट्र में जब भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनती है, तो महाराष्ट्र आगे बढ़ता है और जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली अघाड़ी की सरकार आती है, तो केवल राजनीति की जाती है। महाराष्ट्र के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए, महाराष्ट्र जो देश का प्रमुख राज्य और हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन की सरकार बनाना आवश्यक है। श्री शाह ने भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के महायुति गठबंधन को कमल, धनुष और घड़ी के निशान पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**********************